## प्रधानमंत्री ने 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए

# देश में रोजगार के नए द्वार खुले : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से देश में रोजगार के नए द्वार खुल रहे हैं। पारंपरिक के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा उद्योग, अंतरिक्ष और ऑटोमेशन जैसे उभरते क्षेत्रों में नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए।


प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से नवनियुक्त कर्मियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार की ओर से भाजपा और राजग शासित राज्यों के सहयोग से देशभर में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। पिछले वर्ष अक्तूबर से शुरू हुए रोजगार मेले में अब तक लाखों युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। यह युवाओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**शिक्षा के साथ कौशल विकास जरूरी :** मोदी ने कहा, युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ जरूरी कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। ताकि, उन्हें रोजगार के नए अवसरों का लाभ मिल सके। भारत जिस गति से प्रगति कर रहा है, उससे सभी क्षेत्रों में रोजगार की नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं। नए मेडिकल कॉलेज, आईआईटी खोलने की पहल से युवाओं के लिए नए अवसर सृजित हुए हैं।

**वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दें :** मोदी ने नवनियुक्त कर्मियों से त्योहारी सीजन में 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने का आग्रह किया। साथ ही कहा, दिवाली में अभी कुछ समय है, लेकिन नियुक्ति पत्र पाने वालों के परिवारों के लिए यह मौका दिवाली से कम नहीं है। जिन विभागों में इन कर्मियों की नियुक्ति हुई है, उनमें रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा और साक्षरता विभाग भी शामिल हैं।

**37** स्थानों पर नियुक्ति पत्र का वितरण

**01** वर्ष पूरा हुआ अक्तूबर में रोजगार मेले का



नई दिल्ली में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन संबोधित किया।

### पर्यटन को बढ़ावा देने से रोजगार बढ़ रहे



मोदी ने कहा कि हाल ही में संयुक्त राष्ट्र निकायों की ओर से कई भारतीय स्थानों को पर्यटन और विरासत स्थलों के रूप में मान्यता दी गई है। इससे देश में पर्यटन का कारोबार बढ़ने से रोजगार के साधन भी बढ़ रहे हैं। खेल के क्षेत्र में भी इसी तरह की गति देखी जा रही है। भारतीय एथलीट पहले से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और युवाओं की खेलों के प्रति रुचि बढ़ रही है।

### भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी हुई

प्रधानमंत्री ने कहा, यह सुनिश्चित किया गया है कि भर्ती प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता हो। कर्मचारी चयन आयोग की भर्ती प्रक्रिया में पहले के मुकाबले अब करीब आधा समय लग रहा है। परीक्षाएं 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भी कराई जा रही हैं।

### खादी का गौरव लौट आया

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने खादी क्षेत्र को फिर से मजबूत किया है। इससे खादी का खोया हुआ गौरव लौट आया है। इस क्षेत्र ने दस साल पहले के 30,000 करोड़ रुपए की तुलना में 1.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार दर्ज किया है।